प्रदेश के दो नेशनल पार्क में एयर सफारी

चर्चा में क्यों?

17 जनवरी, 2022 को निजी एयरो स्पोर्ट्स एंड एडवेंचर्स कंपनी के सीईओ मनीष सैनी ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को प्रदेश के दो राष्ट्रीय उद्यानों- कान्हा और बांधवगढ़ में एयर सफारी प्रारंभ करने के संबंध में जानकारी दी। साथ ही मुख्यमंत्री को एयर सफारी सेवा के शुभारंभ के लिये आमंत्रण भी दिया।

प्रमुख बिंदु

- सैनी ने बताया कि पहली बार एयर सफारी की योजना क्रियान्वित होगी। इसके लिये 2 से 14 सीटर के एयर क्रॉफ्ट उपयोग में लिये जाएंगे, जिनका निर्माण भी मध्य प्रदेश में हो, इसके प्रयास किये जा रहे हैं।
- विमानन विभाग के सहयोग से आगामी दो माह में इसकी शुरुआत की योजना है। साथ ही प्रथम स्पोर्ट्स एयर क्रॉफ्ट एयर शो पर भी विचार किया जा रहा है।
- मुख्यमंत्री ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए आशा व्यक्त की कि कोविड की लहर थमते ही पर्यटन की गतिविधियों का विस्तार होगा और तब बांधवगढ़ नेशनल पार्क एवं कान्हा नेशनल पार्क के भ्रमण के लिये आने वाले पर्यटक हवाई पर्यटन का आनंद भी ले सकेंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/air-safari-in-two-national-parks-of-the-state